# अनमोल वचन

दिगम्बर सिंह
वैज्ञा. – 'बी'
रा.ज.सं., रूड़की

* वृक्षों की खुशबू केवल हवा की दिशा में फैलती हैं, जबकि आदमी की अच्छाई सभी दिशाओं में फैलती है। **चाणक्य**
* सफलता का आशय उस हौसले, लगन और आत्म विश्वास से हैं जिसके जरिए आप एक बेहतर इंसान बन सकें। **जार्ज शोटेन**
* यदि आपका व्यवहार सकारात्मक हैं, और लगातार बेहतर प्रयास कर रहे हैं, तो बड़ी चुनौतियों के लिए आप स्वतः तैयार हो जाएंगे। **पैट रिले**
* मानव जीवन में आने वाली पीड़ा अस्थाई होती है, लेकिन इंसान का हिम्मत हार जाना स्थाई होता है। **लैंस आर्मस्ट्रांग**
* बेशक आप अकेले ही क्यों ना हों, हमेशा सिद्धांत के साथ खड़े हों। इससे आपका अपना जीवन बेकार न जाने का सुखद अहसास होगा। **जॉन विवेन्सी आदम्स**
* बुरी संगत में रहने से अकेले रहना अच्छा है। **जार्ज वाशिंगटन**
* विश्वास करो कि आप कोई काम कर सकते हैं, समझो कि आधा काम हो गया। **रूजवैल्ट**
* बगैर सच पता किए अंधविश्वासी बनकर परंपरा का निर्वहन करना मूर्खता है। **मंटो**
* शिक्षा असल में आत्मविश्वास या आपा खोए बिना सहन करने की योग्यता है। **रॉबर्ट फ्रास्ट**
* ओजपूर्ण भाषण देना या लोगों द्वारा पसंद किया जाना प्रभावी नेतृत्व नहीं है। **पीटर ड्रकर**
* योग्यताएं कितनी ही क्यों न हों जब तक आप एकाग्रचित नहीं होगें महान कार्य नहीं कर सकेंगे। **बिल गेटस**
* अपने अतीत को याद करके दुःखी होने से बेहतर है, उससे सबक लेकर भविष्य के सपने बुनना। **थॉमस जैफरसन**
* अगर आप सतरंगी इन्द्रधनुष देखने का सुख लेना चाहते हैं, तो आपको वर्षा सहन करनी ही होगी। **जौली पार्टन**
* या तो कुछ ऐसा लिखो जो पढ़ा जाए या कुछ ऐसा करो कि जो लिखा जाए। **बैजामिन फ्रैंकलिन**
* अवसर कभी–कभी दुर्भाग्य या तात्कालिक विफलता के रूप में सामने आता है। **नेपोलियन हिल**
* हिंसा के जरिए शांति हासिल नहीं की जा सकती, यह केवल समझदारी से ही हासिल की जा सकती है। **इमर्सन**
* झूठ के पांव नहीं होते। **बुद्ध**
* मनुष्य अपने अनुभवों से विकास कर सकता है, यदि वह ईमानदारी और साहस के साथ जिए। **रूजवैल्ट**
* शिक्षा ऐसा सशक्त हथियार है, जिसकी सहायता से दुनिया भर में बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। **नेल्सन मंडेला**
* दुनिया एक किताब है और वो जो घूमते नहीं बस एक पेज ही पढ़ पाते हैं। **अगस्टाइन**
* बुद्धिमान और मूर्ख व्यक्ति कभी नहीं बदलता। **कनफ्यूसस**
* जब अंधेरा होता है तभी व्यक्ति तारे देख पाता है **इमर्सन**
* आदमी ऐसा ही है जैसा उसकी मां ने बनाया है। **इमर्सन**
* एक अच्छा व्यक्ति वह है जो दूसरों को खुशहाल होने में मदद करता है। **हैनरी फोर्ड**

* सामाजिक विकास के बिना, आर्थिक विकास का कोई मतलब नहीं क्योंकि ऐसा नहीं करने पर बड़ी आबादी गरीबी में जीती है। **कैनेडी**
* क्षमता, अनुभव और पुस्तकें सभी समस्याओं का हल हैं। **अमित कुलांतरी**
* एक पाठक अपनी मृत्यु से पहले हजार जीवन जीता है, जो व्यक्ति नहीं पढ़ता है, वह मात्र एक जीवन जीता है। **जॉर्ज आर.आर. मार्टिन**
* सभी सफल व्यक्तियों में एक चीज पायी जाती है, कि उन्होंने पुस्तकों का अध्ययन किया है। **अमित कुलांतरी**
* हर महीने मात्र एक पुस्तक पढ़ों, साल के अंत में आप अपने आपको अलग ही पाओगे, आकर्षक व्यक्तित्व। **अमित कुलांतरी**
* यदि हमें असाधारण व्यक्तित्व का व्यक्ति मिले तो हमें उससे पता करना चाहिए कि आपने कौन–कौन सी पुस्तकें पढ़ी हैं। **इमर्सन**
* पढ़ना मस्तिष्क के लिए और शारिरिक अभ्यास स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। **जोसेफ एडीसन**
* जो व्यक्ति हमेशा प्रगति दर्शा रहा हो, उसे कभी भी हतोत्साहित नहीं करना चाहिए, चाहे उसकी प्रगति कितनी ही धीमी क्यों न हो। **प्लेटो**
* जिस हवा में फूल अपने पूरे सौन्दर्य के साथ नहीं खिल सकता, वह हवा अवश्य दूषित है। जिस समाज में मनुष्य अपने व्यक्तित्व का पूरा विकास नहीं कर सकता, वह समाज भी अवश्य दूषित समाज है। **मोहन राकेश**
* आपत्तियों को पराजित करना ही जीवन के आनंद की पराकाष्ठा है। **शोपेनहावर**
* व्यापारी की हंसी गिलट के सिक्के की तरह होती है। **प्रभाकर माचवे**
* हम में आत्म–विश्वास की मात्रा जितनी अधिक होगी, उतना ही हमारा संबंध अज्ञात शक्ति के साथ गहरा होता जाएगा। **स्वेट मार्डन**
* ज्ञान एक गहरे कुंए की तरह है और हमारा दिमाग एक छोटी बाल्टी की तरह। **डॉ. हरदयाल**
* जो लोग शांतिपूर्वक सब कुछ सहन किए चले जाते हैं, उनके बारे में निश्चित है कि उन्हें भीतरी चोट बहुत गहरी पहुंची हुई है। **टैगोर**
* दुःख का अंत व्यक्तिगत सुख नहीं है। दुःख के कारण का अंत ही दुःख का अंत है। **रांगेय राघव**
* आत्म–विश्वास का अभाव ही अंध विश्वास का जनक है। **ओशो**
* मुंह से निकले सत्य शब्दों से ही सत्य की रचना नहीं होती है। **टैगोर**
* विवाद करते समय नरम शब्दों और दृढ़ दलीलों का सहारा लेना चाहिए। **डिकन्स**
* तुम मुझे अच्छी माएं दो और में तुम्हें अच्छा देश दूंगा। **नैपोलियन बोनापार्ट**
* दोष मत ढूंढो, हल सुझाओं। **हैनरी फोर्ड**
* समाज के अवविचार, अत्याचार का जो पहले प्रतिवाद करता है, उसी को दुःख भोगना पड़ता है। **शरतचन्द्र**
* सक्रिय अज्ञान से भयावह कुछ नहीं होता। **गेटे**
* हमारा जीवन तभी सार्थक हो सकता है, जब हम दूसरों के काम आएं। **टैगोर**
* पुस्तक से वफादार कोई मित्र नहीं है। **हैमिंगवे**
* मैं पुस्तकों के बिना जिन्दा नहीं रह सकता। **थॉमस जैफरसन**
* सभी अच्छी पुस्तकों को पढ़ना पिछली शताब्दियों के बेहतरीन व्यक्तियों के साथ संवाद करने जैसा है। **रेन डेकार्टस**
* किसी मूर्ख व्यक्ति के लिए किताबें उतनी ही अनुपयोगी हैं जितना कि एक अंधे व्यक्ति के लिए आइना। **चाणक्य**

* विचारों के युद्ध में पुस्तकें ही अस्त्र हैं। **जार्ज बर्नाडशा**
* आज के लिए और सदा के लिए सबसे अच्छा मित्र है, अच्छी पुस्तक। **टसर**
* बिना किताबों के कमरा बिना आत्मा के शरीर के समान है। **सिसरो**
* कोई व्यक्ति चाहे पुरूष या महिला जिसे एक अच्छा उपन्यास पढ़ने में आनंद न आए वो निश्चित रूप से बहुत मूर्ख होगा। **ऑस्टिन**
* अच्छे मित्र, अच्छी किताबें और साफ अंतःकरण यही आदर्श जीवन है। **मॉर्कटवेन**
* किताबें मित्रों में सबसे शांत और स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्विमान हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान हैं। **चार्ल्स विलियम इलियट**
* अपना तेज बनाए रखने के लिए जिस तरह तलवार को पत्थर की जरूरत होती है उसी प्रकार दिमाग को किताबों की। **आर.आर. मार्टिन**
* यदि आपके पास एक बगीचा है और पुस्तकालय है तो आपके पास वो सब कुछ है जो आपको चाहिए। **सिसरो**
* किताबों के बगैर घर खिड़कियों के बिना कमरे के समान है। **होरेस मैन**
* मेरा सबसे अच्छा मित्र वो व्यक्ति है जो मुझे ऐसी किताब दे जो मैंने पढ़ी न हो। **लिंकन**
  मैंने जो किताबें पढ़ी, उन्हें मैंने जो खाया है इससे अधिक याद नहीं रख सकता, बावजूद कि उन्होंने मुझे बनाया है। **इमर्सन**
* ईमानदारी ज्ञान की किताब का पहला अध्याय है। **थॉमस जैफरसन**
* पुस्तकें ही नहीं बल्कि एक पैराग्राफ या वाक्य आदमी को बदल देता है। **जॉन पाइपर**
* मैं अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, मां–बाप, परिवार, दोस्त, अध्यापक और उनकी किताबों को देता हूं जो मैंने पढ़ी हैं। **अमित कुलांतरी**
* मैं तुम्हें पैसा उधार दे सकता हूं किताबें नहीं। **अमित कुलांतरी**
  जहां कहीं भी आत्मीयता जुड़ जाती है वहां श्रम थकाता नहीं, बल्कि स्फूर्ति देता है। **स्वामी रामसुखदास**
* उद्देश्य विहीन जिन्दगी मजाक बनकर रह जाती है। **इर्मसन**

**जीवन में खुश रहने के चार सूत्र –**

(स्पॉन्ज बॉब, कार्टून, संदर्भ, रोबिन शर्मा द ग्रेट नैस गाइड)
(1) आशावादी बनें।
(2) दूसरों का सम्मान करें।
(3) दोहरी मानसिकता न रखें।
(4) हास्य पूर्ण व्यवहार अपनाएं।